>

Title: Regarding soil erosion during floods and to implement Mahananda River Basin Project

**डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज) :** महोदय, मैं किशनगंज से चुनकर आया हूं और मेरे क्षेत्र में कई नदियां हैं, जैसे महानंदा डोक, कनकई कोल, रेतुआ, मेंची, रमजान । इनकी वजह से पानी तो मिलता है, लेकिन तबाही भी बहुत होती है । यूपीए सरकार के वक्त महानंदा रिवर बेसिन प्रोजेक्ट चलाने की बात हुई थी । लेकिन पिछले पांच सालों में इस पर कोई नतीजा नहीं निकला है । आपको बताते हुए मुझे अफसोस हो रहा है कि हर मानसून में फ्लड्स की वजह से हमारी हजारों एकड़ भूमि का नुकसान हो जाता है । कई स्कूल, मदरसे, ग्रेवयार्ड, मंदिर और मस्जिद भी ढह गए हैं ।

मेरी आपके माध्यम से यह गुजारिश है कि इस महानंदा रिवर बेसिन प्रोजेक्ट को फिर से चालू किया जाए, ताकि जो तबाही हुई है और हो रही है, उसको रोका जा सके ।